महत्वपूर्ण एवं खास

औपचारिकता के साथ नष्ट होगा 30 क्विंटल गांजा

कोरबा । ओडिशा और अन्य क्षेत्रों से लाकर आसपास में खपाए जा रहे गांजा की बड़ी मात्रा अलग- अलग इलाके से पुलिस ने बरामद की है। सभी तरह की प्रक्रिया पूर्ण करने के साथ आम 30 क्विंटल गाजा को नष्ट किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में ऐसा पहली बार हो रहा है जबकि गांजा को नष्ट करने के साथ बिजली भी बनाई जाएगी। पड़ोसी राज्य उड़ीसा से आए दिन गांजा तस्करी की खबरें प्रकाश में आती रहती हैं। सीमावर्ती इलाके की पुलिस के अलावा मैदानी क्षेत्रों में भी पुलिस के द्वारा ऐसे प्रकरण में कार्रवाई की जा रही है। निजात अभियान इसी कड़ी में चलाया जा रहा है। लोगों को नशे से दूर रखने के साथ उन लोगों पर भी कार्रवाई की जा रही है जो नशीले पदार्थों की तस्करी करने का काम कर रहे हैं। किसी संख्या में कोरबा जिले में पुलिस के द्वारा जल्द ही 30 क्विंटल गांजा को नष्ट किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों पर पहले गांजा नष्ट करने के साथ उससे बिजली बनाने का काम किया गया है। फर्नेस ब्लास्ट में इस कार्रवाई को अंजाम दिया जाएगा। नशे को सामाजिक बुराई से जोडक़र देखा जाता है और लगातार इससे दूर रहने के लिए लोगों को सीख दी जाती रही है। नशे को नाश का कारण बताने के पीछे कई अच्छे तर्क हैं और सच्चाई भी कुछ ऐसे ही है ।

स्टेशन में 15 किलोग्राम गांजे के साथ पकड़ाया तस्कर

बिलासपुर (आरएनएस)। आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने मुंबई हावड़ा गीतांजलि एक्सप्रेस ट्रेन से गांजा तस्करी करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। टीम ने स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 3 से गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से 75 हजार रूपए कीमत का 15 किलो गांजा जब्त किया है। मिली जनाकारी के अनुसार गांजा तस्करी रोकने गठित जीआरपी, आरपीएफ की टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि गीतांजलि एक्सप्रेस में एक युवक बैग में गांजा रखा हुआ है और बिलासपुर स्टेशन में वह उतरेगा। सूचना पर जीआरपी और आरपीएफ की टीम ने मुखबिर के बताए हुलिए के अनुसार ट्रेन के बिलासपुर पहुंचते ही युवक की तालाश शुरू कर दी। तलाशी के दौरान पुलिस की टीम को प्लेटफॉर्म 3 पर वह युवक दिखा, जिसके बाद उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया तथा उसके बैग की तलाशी ली गई तो युवक के पास से एक बैग में 5 किलो और दूसरे बैग में 10 किलो गांजा बरामद हुआ। जब्त गांजे की कीमत 75 हजार आंकी जा रही है। आरोपी युवक ने अपना नाम मनीष पाल निवासी टोरिया जिला टीकमगढ़ मध्यप्रदेश होना बताया। मामलें में आरोपी कको गिरफ्तार कर कार्रवाई की जा रही है।

प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप जब्त, आरोपी गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट तथा थाना कोतवाली की संयुक्त टीम ने एक युवक को गिरफ्तार कर उसके पास से प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट की टीम को सूचना मिली कि थाना कोतवाली क्षेत्रांतर्गत वीरभद्र नगर स्थित राम रमा पेट्रोल पंप के पास गोकुल नगर थाना टिकरापारा निवासी शेख ईमरान नामक युवक अपने पास बैग में प्रतिबंधित नशीली सिरप रखा है तथा बिक्री करने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। जिस पर एण्टी क्राईम एवं सायबर यूनिट तथा थाना कोतवाली की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर युवक को पकड़ा गया तथा उसकी तलाशी ली गई। तलाशी में युवक के पास से बैग में एसकफ नामक प्रतिबंधित नशीली सिरप की 25 शीशी बरामद हुई। उक्त प्रतिबंधित नशीली सिरप रखने के संबंध में आरोपी शेख ईमरान से वैध दस्तावेज या अन्य कागजात मांगने पर उसने किसी भी प्रकार का कोई वैध दस्तावेज या कागजात होने से इंकार किया और टीम को लगातार गुमराह करने का प्रयास कर रहा था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी शेख ईमरान को गिरफ्तार कर कब्जे से प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप जब्त कर लिया। जब्त सीरप की कीमत लगभग 45 सौ रूपये आंकी गई है।

प्रदेश में एक दो स्थानों पर भारी बारिश की संभावना

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश में आज एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी वर्षा होने की भी सम्भावना है वहीं अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छीटें पडऩे की संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यत: मध्य और दक्षिण छग रहने की सम्भावना है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और इससे लगे तटीय पश्चिम बंगाल -तटीय उड़ीसा के पास स्थित है, इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। मानसून द्रोणिका गुजरात के सौराष्ट्र-कच्छ, भावनगर, इन्दौर, जबलपुर, पेंड्रा रोड, झालसुगुडा, बंगाल की खाड़ी में स्थित निम्न दाब के केंद्र से होते हुए दक्षिण-पूर्व की ओर पूर्व- मध्य बंगाल की खाड़ी तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। जिसके चलते प्रदेश में एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी वर्षा होने की संभावना है। वहीं अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है। रायपुर में आज बादल छाए रहेंगें तथा गरज चमक के साथ बारिश होने की संभावना है तथा तापमान 31 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है।

छत्तीसगढ़ में अब तक 398.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज- राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 398.0 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज 16 जुलाई तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1003.5 मिमी और बलरामपुर जिले में सबसे कम 136.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है। प्रदेश में पिछले दस वर्षों के आधार पर अब तक वर्षा का औसत 358.8 मि.मी. है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 153.8 मिमी, सूरजपुर में 217.4 मिमी, जशपुर में 159.8 मिमी, कोरिया में 239.7 मिमी, रायपुर में 262.5 मिमी, बलौदाबाजार में 388.4 मिमी, गरियाबंद में 443.2 मिमी, महासमुंद में 377.5 मिमी, धमतरी में 440.5 मिमी, बिलासपुर में 417.9 मिमी, मुंगेली में 464.8 मिमी, रायगढ़ में 358.9 मिमी, जांजगीर-चांपा में 497.3 मिमी, कोरबा में 314.6 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 415.7 मिमी, दुर्ग में 378.9 मिमी, कबीरधाम में 389.0 मिमी, राजनांदगांव में 446.9 मिमी, बालोद में 505.7 मिमी, बेमेतरा में 302.9 मिमी, बस्तर में 512.0 मिमी, कोण्डागांव में 496.6 मिमी, कांकेर में 546.8 मिमी, नारायणपुर में 414.2 मिमी, दंतेवाड़ा में 460.5 मिमी और सुकमा में 398.4 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

मुख्यमंत्री ने उद्योग मंत्री को दिए बस्तर संभाग के बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के दिए निर्देश

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने उद्योग मंत्री कवासी लखमा को बस्तर संभाग के सुकमा और बीजापुर जिले में लगातार बारिश से बनी बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के दिए निर्देश मुख्यमंत्री ने लखमा को बीजापुर और सुकमा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव के सभी जरूरी इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं मुख्यमंत्री ने बाढ़ प्रभावित इलाकों के दौरे के लिए लखमा को हेलीकॉप्टर उपलब्ध कराने के निर्देश दिये।

पुलिस-नक्सली मुठभेड़ की दण्डाधिकारी जांच प्रारंभ

बीजापुर (आरएनएस)। 21 जून 2022 को पुलिस अधीक्षक बीजापुर के दिशा-निर्देश में तैयार ऑप्स प्लॉन के ब्रिफिंग पश्चात स्थानीय आसूचना पर मदपाल व कुडमेर के जंगल, पहाड़ में भैरमगढ़ एरिया कमेटी का डीव्हीसी एम माओवादी संजय उर्फ मोहन कड़ती, सचिव भैरमगढ़ एरिया कमेटी सुमित्रा कड़ती पति मोहन कड़ती, एलओएस कमाण्डर बलेदव कोरसा, मिलिशिया कमाण्डर शंकर मडक़म, एलओएस सदस्य शंकर कारम, रवि कारम, मिलिट्री इंटेलिजेंस इंचार्ज सोनू ओयाम, एरिया मिलिशिया कमाण्डर सीतू मडक़म तथा मोहन कड़ती का अंग रक्षक राकेश कतलाम उर्फ कमलू के उपस्थित होने तथा किसी बड़ी घटना को अन्जाम देने की उद्देश्य से एकत्रित होने की सूचना पर 97 नफर बल, डीआरजी बीजापुर और ग्रेहाउण्स से 46 नफर बल, थाना मिरतुर से 03 नफर बल कुल 97 नफर बल को लेकर ऑप्स प्लॉन के 02 स्ट्रॉईक में बेचापाल से 21 जून 2022 के प्रात: 5 बजे ग्राम मदपाल व कुड़मेर की ओर रवाना होकर प्लान के मुताबिक जंगल-झाड़ी, नदी-नाला, पहाड़ी का सर्च करते हुए वापस आ रहे थे, कि घटना 21 जून 2022 के करीबन 16:10 बजे घटना स्थल लगभग 85 किलोमीटर पूर्व ग्राम कुड़मेर व मदपाल के मध्य जंगल पहाड़ में पहुचे थे तभी लगभग 25-30 की संख्या में अज्ञात पुरूष व महिला सशस्त्र वर्दीधारी व सादे वेशभूषा में माओवादियों द्वारा एक राय होकर जान से मारने एवं हथियार लूटने की नियत से स्वचालित हथियार से पुलिस पार्टी के जवानों के उपर अंधाधुंध फायरिंग करने लगे। जिससे मौके पर जवानों द्वारा उचित आड़ लेकर पुलिस की उपस्थिति बताते हुए फायरिंग बंद करने व आत्मसमर्पण करने हेतु माओवादियों को जोर-जोर से आवाज दिया गया। किन्तु माओवादियों द्वारा पुलिस पार्टी की बातों को अनसूना करते हुए लगातार स्वचालित हथियारों से फायरिंग करते रहे जिस पर जवाबी कार्यावाही करते हुए दांए एवं बांए ओर से घेराबंदी किया गया। जिसके बाद माओवादी अपने आप को कमजोर पड़ता व पुलिस पार्टी से घिरता देखकर जंगल झाड़ी की आड़ में भाग गये। मुठभेड़ लगभग 25 से 30 मिनट तल चलती रही, फायरिंग बंद होने के पश्चात घटनास्थल का बारिकी से सर्चिंग करने पर घटना स्थल पर एक अज्ञात पुरूष माओवादी उम्र करीबन 25 वर्ष का शव पड़ा हुआ मिला जिसके समीप ही एक 7.85 एमएम पिस्टल एवं 04 नग जिन्दा राउण्ड, 02 नग 7 वायर लाल रंग का लगभग 12 मीटर, वाकी-टाकी बोफेन कंपनी का काले रंग का 01 नग चाकू, 03 नग टार्च काले रंग का 04 नग, 01 नग लाल रंग का रेडियों हाडनिंग कंपनी का, 01 नग ब्लूटूथ स्पीकर नीले रंग का, 01 नग सोलर प्लेट 02 नग, दवाईया 01 बड़ा प्लास्टिक बाक्स में, पि_ बैग काले व भूरे रंग का, 06 नग मैक्जीन पोच, 02 नग बर्तन, पानी बोतल 10 नग, कम्बल व साल 10 नग पॉलोथीन नीले रंग का 03 नग, नक्सल साहित्य 05 नग एवं अन्य दैनिक उपयोग की सामग्री घटना स्थल से बरामद हुआ। घटना स्थल के आस-पास जगह-जगह पेड़ पत्तों, झाडियों पर खून के धब्बे लगे हुए एवं घसीटने का निशान दिखाई दे रहे थे जिससे दो-तीन अन्य माओवादी के मारे जाने व घायल होने की प्रबल संभावना है।

21 को ईडी दफ्तर के सामने कांग्रेस करेगी बड़ा विरोध प्रदर्शन

रायपुर (आरएनएस)। प्रदेश कांग्रेस कार्यकारिणी और जिला कांग्रेस अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश प्रभारी पी.एल. पुनिया, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में भारत जोड़ो यात्रा की तैयारी, आजादी की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर विधानसभावार निकाले जानी वाली यात्रा तथा कांग्रेस अध्यक्षा सोनिया गांधी को ईडी के सम्मन के विरोध में राजधानी रायपुर में प्रदेश व्यापी धरने के लिये रणनीति बनाई गयी।

बैठक की शुरूआत में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने अध्यक्षीय उद्बोधन में बैठक के एजेंडे के बारे में जानकारी दिया तथा प्रदेश भारत जोड़ो पदयात्रा के संबंध में जानकारी दिया तथा बताया कि एआईसीसी द्वारा यात्रा के मार्ग के बारे में विस्तृत विवरण मिलने के बाद रूपरेखा बनाई जायेगी। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई को ईडी के विरोध में प्रभावी प्रदर्शन राजधानी में तथा 22 जुलाई को जिला मुख्यालयों में होगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि मोदी सरकार विपक्ष के नेताओं के दमन के लिये ईडी, आई.टी. का दुरुपयोग कर रही है। जो राहुल गांधी के बाद अब सोनिया गांधी को परेशान करने के उद्देश्य से ईडी का सम्मन भेजा गया है।

अलग-अलग घटना में दो लोगों की मौत

कोरबा। अलग-अलग घटना में दो लोगों की मौत हो गई। एक युवक का शव फंदे पर लटका मिला जबकि पुरानी बस्ती क्षेत्र में एक व्यक्ति करंट से झुलस गया। बाद में उसकी मौत हो गई। इन मामलों में आसपास के लोगों की ओर से पुलिस को सूचना प्राप्त हुई है। उक्तानुसार आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सीएसईबी पुलिस चौकी प्रभारी कृष्णा साहू ने बताया कि कोसाबाड़ी चौराहे के पास सीएसईबी आवासीय परिसर के एक मकान में 33 वर्षीय अभिषेक ठाकुर पिता किशोर ठाकुर के द्वारा खुदकुशी करने की खबर वहां के लोगों से प्राप्त हुई है। अभिषेक यहां काफी समय से निवासरत है। उसके अभिभावक रायपुर में रहते हैं। घटना किन परिस्थितियों में हुई, इस बारे में कुछ भी जानकारी नहीं मिली है। इस संबंध में परिजनों को अवगत करा दिया गया है। घटना स्थल को सील करने के साथ निगरानी की जा रही है। मृतक के परिजनों के यहां पहुंचने के साथ आगे की कार्रवाई की जाएगी।

इसी तरह कोतवाली पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुरानी बस्ती में एक व्यक्ति की करंट से झुलसकर मौत हो गई। आज सुबह हुई घटना के बाद आनन-फानन में शुभचिंतकों ने पीडि़त को काफी उम्मीद से जिला अस्पताल पहुंचाया लेकिन वहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। माना जा रहा है कि रास्ते में ही उसकी सांसे उखड़ गई होगी। चिकित्सालय की ओर से पुलिस को इस बारे में प्रतिवेदन दिया गया है। विस्तृत ब्यौरा की प्रतीक्षा की जा रही है। इससे पहले भी विद्युत स्पर्शाघात के मामले विभिन्न स्थानों पर प्रकाश में आए हैं। विद्युत संबंधी कार्यों के संपादन में लगे लोगों को सुरक्षा मानकों का उपयोग करने की सलाह दी जाती रही है। कहीं न कहीं ये घटनाएं लापरवाही को दर्शाती है।

केन्द्र की योजनाओं को लागू करने में बरती गई अनियमितता- गिरिराज

कोरबा। केंद्रीय पंचायतीराज एवं ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि वोट के लिए तुष्टिकरण की राजनीति करने वाली पार्टियां मोदी सरकार के विकास के काम और दुनिया में भारत की बढ़ती प्रतिष्ठा को भटकाने के लिए देश का माहौल बिगाडऩे की कोशिश कर रही हैं। तिलक भवन में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए उन्होनें छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार पर केंद्रीय योजनाओं को लागू करने में अनियमितता बरतने का भी आरोप लगाया।

पत्रकारों द्वारा यह पूछे जाने पर कि देश में आस्था पर सवाल क्यों उठाया जा रहा है, सिंह ने कहा, जो दल दशकों से वोट के लिए तुष्टिकरण की राजनीति कर रहे हैं, वे मोदी सरकार के विकास के कामों की चर्चा तथा विश्व में देश की बढ़ती हुई प्रतिष्ठा को भटकाने के लिए देश के माहौल को बिगाडऩे की कोशिश कर रहे हैं। जब से देश में मोदी सरकार (2014 से) है तब से यह प्रयास कर रहे हैं। सिंह ने कहा, कभी उन्होंने अफजल गुरु के नाम पर ऐसा किया। जब एक आतंकवादी को दोषी ठहराया जाता है, तो वे सभी इक_ा होते हैं और आधी रात को (उसे बचाने के लिए) अदालत का दरवाजा खटखटाते हैं। वे माहौल खराब करना चाहते थे..यहां तक कि उदयपुर हत्याकांड पर कांग्रेस के 'युवराज' (राहुल गांधी का जिक्र करते हुए)कहा कि वे बच्चे हैं और बचकानी हरकतें करते हैं।'' केंद्रीय मंत्री ने इस दौरान राज्य के सत्ताधारी दल कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि छत्तीसगढ़ में कथित अनियमितताओं के कारण केंद्र की कल्याणकारी योजनाओं और गरीब कल्याण योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा है कि भूपेश बघेल सरकार ने गरीबों का हक छीन लिया है। 11 लाख आवास के लिए राज्य की ओर से अशंदान नहीं किया गया, जिसकी वजह से केंद्र को राशि वापस लेनी पड़ी। इससे जरूरतमंदों को अपने हक से वंचित होना पड़ा। उन्होंने गरीब कल्याण योजना के तहत राज्य में गरीबों को चावल वितरित करने में कथित अनियमितता का भी आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री ने आरोप लगाया, राज्य की कांग्रेस सरकार 'कट मनी सरकार' और केंद्रीय नेतृत्व की एटीएम बन गई है। गिरिराज सिंह केंद्र सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए 13 जुलाई से कोरबा के चार दिवसीय दौरे पर रहे।

मंत्री जयसिंह अग्रवाल को जिला प्रशासन ने एक बार फिर दिया जोर का झटका

कोरबा। जिला प्रशासन कोरबा ने प्रदेश के राजस्व मंत्री और जिला मुख्यालय कोरबा के दबंग विधायक जयसिंह अग्रवाल को एक बार फिर जोर का झटका दिया है। मंत्री के निर्देश पर पहले तो बैठक समीक्षा आयोजन की सूचना जारी की गई, फिर बैठक को निरस्त कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार राजस्व मंत्री के ओ एस डी अजय उरांव ने 13 जुलाई 2022 को कलेक्टर कोरबा को पत्र लिखकर राजस्व मंत्री की समीक्षा बैठक आयोजित करने के लिए कहा था। पत्र के साथ बैठक का एजेंडा भी दिया गया था। राजस्व मंत्री के कार्यालय से मिले पत्र के आधार पर अपर कलेक्टर ने 14 जुलाई 2022 को पत्र जारी कर सभी सम्बन्धितों को समीक्षा बैठक की तैयारी करने का निर्देश दिया था। साथ ही 15 जुलाई को अपरान्ह 4 बजे बैठक में उपस्थित होने के लिए कहा था। लेकिन इसी दिन 14 जुलाई को ही जिला प्रशासन ने राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल की समीक्षा बैठक को निरस्त करने की सूचना जारी कर दी। इस पत्र में लिखा गया है कि बैठक के लिए जारी पत्र को निरस्त किया जाता है। अपर कलेक्टर के हस्ताक्षर से जारी पत्र में बैठक निरस्त करने का कोई कारण नहीं बताया गया है।

इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी सार्वजनिक होने के बाद एक बार फिर आशंका पैदा हो गई है कि कहीं जिले के नवपदस्थ कलेक्टर भी पूर्व कलेक्टर की तरह राजस्व मंत्री को हाशिये में तो नहीं डाल रहे हैं? पूर्व कलेक्टर रानू साहू ने मंत्री को जोर का झटका दिया था और मंत्री ने सार्वजनिक रूप से उन्हें भ्रस्ट कर दे दिया था। तब विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरणदास महन्त ने भी जिले में पर्यावरण प्रदूषण के साथ प्रशासनिक प्रदूषण व्याप्त होने की बात कहकर परोक्ष रूप से मंत्री की हौसला अफजाई की थी। बहरहाल इस घटनाक्रम के पीछे सच्चाई जो हो, लेकिन लोगों में चर्चा है कि जिला प्रशासन ने राजस्व मंत्री को एक बार फिर जोर का झटका दे दिया है। वैसे कोरबा में प्रभार लेने के बाद नवपदस्थ कलेक्टर मंत्री को उनके बंगले में जाकर गुलदस्ता भेंट कर चुके हैं। तब लग रहा था कि वर्षों बाद कोरबा विधायक और राजस्व मंत्री का प्रशासन से बेहतर तालमेल बैठ जाएगा, लेकिन ताजा घटनाक्रम ने दोबारा से लोगों को आशंकित कर दिया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
● संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
● पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
● संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
● संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
● संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

वेदांता स्किल स्कूल छत्तीसगढ़ के युवाओं को बना रहा आत्मनिर्भर

कोरबा । वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड ;बालकोद्ध ने अपने कौशल विकास केंद्रोंके माध्यम से हजारों ग्रामीण युवाओं को सक्षम बना रही है, जिससे छत्तीसगढ़ में सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन हो रहा है। कुशल मानव संसाधन से किसी राष्ट्र के विकास यात्रा को गति मिलती है। विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था में शामिल होने की भारत की आकांक्षाओं के लिए विकास की गति को बनाए रखने के लिए कुशल जनशक्ति की आवश्यकता है। विशेष रूप से कम सुविधा वाले ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में युवाओं के बीच रोजगार योग्य और उद्यमशीलता कौशल के विकास की आवश्यकता है।

समाज को वापस देने कादृष्टिकोण ही बालको के सामुदायिक विकास की आधारशिला है। अपने प्रचालन से सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण और स्थानीय समुदायों को सक्षम करने के प्रतिबद्धता के अनुरूपकौशल विकास के माध्यम सेयुवा को सशक्त बनाने हेतु बालको ने 2010 में कोरबा वेदांता स्किल स्कूल की स्थापना के लिए लर्नेट स्किल्स लिमिटेड के साथ भागीदारी की।

वेदांता स्किल स्कूल प्रशिक्षण केंद्र में आतिथ्य उद्योग, वेल्डिंग, सिलाई मशीन ऑपरेटर, सोलर पीवी टेक्निशियन, इलेक्ट्रीशियन और फिटर के छह ट्रेडों में मुफ्त आवासीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है। 45 से 65 दिनों के प्रशिक्षण कार्यक्रम को राष्ट्रीय कौशल विकास निगम एनएसडीसी के दिशानिर्देशों के अनुसार तैयार किया गया है। वेदांता स्किल स्कूल मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना एमएमकेवीवाई, नाबार्ड, स्किल इंडिया इम्पैक्ट बॉन्ड एसआईआईबी और नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सोलर एनर्जी एनआईएसई जैसी सरकारी योजनाओं के साथ मिलकर प्रशिक्षण दे रहा है।कोरबा में कौशल विद्यालय की सफलता के बाद क्रमश: वर्ष 2017 और 2018 में मैनपाट और कवर्धा में दो और केंद्र स्थापित हुए। इन केंद्रों से छत्तीसगढ़ के लगभग 10 हजार युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है तथा उन्हें देश भर के विभिन्न उद्योगों में रोजगार मिला है। युवाओं को प्रशिक्षण देने के अलावा, संस्थान इस क्षेत्र में रोजगार दर, जीवन की गुणवत्ता, असमानताओं को कम करने और जीवन के कई अन्य पहलुओं में सुधार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक अभिजीत पति ने कहा कि वेदांता में, सतत आजीविका विकास हमारे सामुदायिक विकास प्रयासों में प्रमुख स्तंभ है। वेदांता स्किल स्कूल के माध्यम से हमारा लक्ष्य स्थानीय युवाओं के बीच कौशल विकास के अवसरों को बढ़ावा देना है, जिससे उन्हें रोजगार योग्य कौशल सीखने के अवसरप्राप्त हों।